और हापुड़ स्टेशन के यात्रियों को परेशानी का सामना हापुड़-पिलखुआ में चल रहे ऑटोमेटिक ब्लॉक वाली कई ट्रेनों का अचानक रूट बदल दिया गया। 10 अमरोहा, हापुड़ होकर दिल्ली जाने वाली ट्रेनें मुरादाबाद पहुंची। वहीं दिल्ली से मुरादाबाद आने वाली कई ट्रेनें अमरोहा-हापुड़ स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों को थीं वह ब्लॉक खत्म होने के बाद देर रात तक मुरादाबाद काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से मुरादाबाद आने के लिए करते रहे। बाद में पता चला कि ट्रेन का रूट डायवर्ट भी रद्द कराए। दैनिक रेल यात्री संगठन के अध्यक्ष स्टेशन से दिल्ली की दिशा के लिए जनरल टिकट भी कारण इस रूट पर कोई ट्रेन ही नहीं थी। आनंदविहार एक्सप्रेस मंगलवार को मुरादाबाद नहीं आई।यह ट्रेन पहुंची। रेलवे द्वारा अचानक लिए गए 10 घंटे के ब्लॉक ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दीं। जबकि रेलवे के रिकॉर्ड में सिर्फ 28 यात्रियों को परेशानी हुई। रेलवे ने जानकारी साझा की है कि सिर्फ तीन ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलाई गईं।सीनियर डीसीएम महेश यादव ने बताया कि पिलखुआ-हापुड़-बाबूगढ़-कुचेसर रोड रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग (एबीएस) के आवश्यक कार्य के चलते मंगलवार को कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा है। (05580) आनंद विहार-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल को गाजियाबाद से रूड़की-मुरादाबाद मार्ग से चलाया गया है।ट्रेन हापुड़ स्टेशन पर नहीं रुकी। (04014) आनंद विहार-लौकहा बाजार स्पेशल को गाजियाबाद-कानपुर-लखनऊ मार्ग से चलाया गया। यह ट्रेन मुरादाबाद व बरेली स्टेशन पर नहीं रुकी। इसके अलावा (14322) आला हजरत एक्सप्रेस को गाजियाबाद-रूड़की-मुरादाबाद मार्ग से चलाया गया। यह ट्रेन पिलखुआ, हापुड़, गजरौला और अमरोहा स्टेशनों पर नहीं रुकी।पांच ट्रेनों को देरी से चलाया गया ट्रेनों के रूट डायवर्जन के अलावा पांच ट्रेनों के प्रस्थान समय में भी परिवर्तन किया गया है। (15060) आनंद विहार-लालकुआं एक्सप्रेस शाम 7:30 बजे, (14008) आनंद विहार-रक्सौल एक्सप्रेस शाम सात बजे, (15304) नई दिल्ली-कासगंज एक्सप्रेस शाम सात बजे, (15274) आनंद विहार टर्मिनल-रक्सौल एक्सप्रेस शाम 7:15 बजे और (64554) गाजियाबाद-मुरादाबाद मेमू रात आठ बजे अपने निर्धारित स्टेशन से रवाना हुई।यह ट्रेनें अपने निर्धारित समय से तीन से चार घंटे देरी से चलीं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनों के देरी से चलने की सूचना बी पहले नहीं दी गई थी।

# चोरी के शक में जीला-साले को पेड़ से लटकाकर दी तालिबानी सजा, करीब 7 घंटे तक पेड़ से लटके रहे

चोरी के शक में ग्रामीणों ने दो युवकों को पेड़ से लटकाकर कथित तौर पर प्रताड़ित किया। घटना का वीडियो सोशल है। वीडियो के आधार पर जुटी है। मंगलवार रात शीशोवाली में अवैध भुड्डेवाली निवासी दीपक निवासी गांव नया बांस 12 ग्रामीणों ने चोरी के जिसके बाद दोनों युवकों कर यूकेलिप्टस के पेड़ रातभर दोनों पेड़ पर लटके मौके पर आसपास के गई। भीड़ में शामिल



मीडिया पर वायरल हो रहा पुलिस मामले की जांच में गजरौला के गांव शराब खरीदने पहुंचे गांव व उसके जीजा डालू को शीशोंवाली के 10-शक में पकड़ लिया। के रात दो बजे हाथ बांध से बांध कर लटका दिया। रहे। शोर-शराबा होने पर लोगों की भीड़ जमा हो किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैदकर कर बुधवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो की पुलिस को सूचना दी तो लगभग 9:30 बजे मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को बंधनमुक्त कर नीचे उतारा। इस घटना की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है। वहीं शीशोवाली के ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों खेतों में पशुओं को भगाने के लिए लगाई गई झटका मशीन को चोरी करने आए थे। इस दौरान उन्हें पकड़ लिया गया। पुलिस ने सारे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जीजा-साले को छुड़ा लिया है।दोनों से पूछताछ की जा रही है। प्रसारित वीडियो के आधार पर आरोपितों की शिनाख्त की जा रही है। प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मुरादाबाद में दर्दनाक हादसा: रोडवेज बस ने बाइक को रौंदा, गर्भवती महिला और मासूम बेटे समेत 3 की मौत

मुरादाबाद में एक दर्दनाक सड़क हादसे में रोडवेज बस ने बाइक सवारों को रौंद दिया, जिससे एक गर्भवती महिला, उनके बेटे और बहन सहित तीन लोगों की मौत हो गई। बाइक चालक गंभीर रूप से घायल है और बस चालक मौके से फरार हो गया।रोडवेज बस ने ओवरटेक करते हुए पीछे से मारी टक्कर, चालक मौके से भागा मुरादाबाद किसी काम से आ रहे थे चारों लोग, रामगंगा पुल पर हुआ हादसाकटघर क्षेत्र में दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पर मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे शाहिबाबाद डीपो की रोडवेज बस ने ओवरटेक करते समय पीछे से बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में संभल निवासी गर्भवती सिमरन, इनके बेटे दानियाल और बहन की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे जुनैद गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। घायल को कासमास में भर्ती कराया है। चारों बाइक सवार किसी काम से मुरादाबाद आ रहे थे। संभल में हयातनगर क्षेत्र के सरायतरीन के मुहल्ला बरखैरियान निवासी 35 वर्षीय जुनैद हड्डी से एक्सपोर्ट होने वाले आइटम बनाने का कारीगर है। परिवार में पत्नी सिमरन, बेटा दानियाल था। पत्नी गर्भवती थी। जुनैद की ससुराल सरायतरीन के चकली मुहल्ले की है।बीते कई दिनों से मंतशा पुत्री मोहम्मद हनीफ अपनी जीजा जुनैद के घर पर ही रुकी हुई थी। मंगलवार को सुबह जुनैद बाइक से पत्नी, बेटे और साली के साथ अपनी मां फरीदा से चंदौसी जाने की बात कहते हुए घर से निकले थे। चंदौसी पहुंचने के बाद जुनैद ने पत्नी से मुरादाबाद चलने की बात कही।इसके बाद सभी लोग मुरादाबाद आने लगे। यह लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे स्थित मुरादाबाद बाइपास से होते हुए मुरादाबाद की तरफ आ रहे थे। जैसे ही बाइक रामगंगा पुल पर पहुंची तो दिल्ली से लखनऊ जा रही शाहिबाबाद डीपो की रोडवेज बस ने ओवरटेक करते हुए पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि चारों हवा में उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में सिमरन और इनके बेटे दानियाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जुनैद और मंतशा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने मंतशा को मृत घोषित कर दिया। जबकि जुनैद की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। स्वजन उपचार के लिए कासमास अस्पताल में ले गए। जुनैद की मां फरीदा ने बताया कि मुझसे चंदौसी किसी काम से जाने की बात कहते हुए घर से निकले थे, लेकिन यहां कैसे पहुंच गए। इस बात की जानकारी नहीं है। उधर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि चालक फरार हो गया है। चालक के बारे में पता किया जा रहा है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### होमगार्ड प्लाटून कमांडर निलंबित, भेजा गया जेल, ड्यूटी लगाने के नाम पर रिश्वत लेते हुआ था गिरफ्तार

कलक्ट्रेट में ड्यूटी लगाने और शिफ्ट बदलने के नाम पर चार हजार रुपये रिश्वत लेते हुए होमगार्ड विभाग के प्लाटून कमांडर भोजराज सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा जिला कमांडेंट ने उसे निलंबित कर मुख्यालय को रिपोर्ट भेज दी है।होमगार्ड की ड्यूटी कलक्ट्रेट में लगाने के नाम पर चार हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए होमगार्ड विभाग के प्लाटून कमांडर भोजराज सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मंगलवार की दोपहर कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। उधर, जिला कमांडेंट होमगार्ड अखिलेश नारायण सिंह ने पीसी को निलंबित करते हुए रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी है।छजलैट थाना क्षेत्र के फरीदपुर भेड़ी निवासी दिवाकर सिंह ने एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्यालय में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि वह होमगार्ड है। जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय में तैनात प्लाटून कमांडर (पीसी) भोजराज सिंह ने उसकी ड्यूटी कलक्ट्रेट में लगाने के लिए तीन हजार रुपये प्रति माह और 24 घंटे वाली शिफ्ट परिवर्तन करने के लिए एक हजार प्रतिमाह की मांग की है।सोमवार की शाम करीब साढ़े चार बजे पीड़ित होमगार्ड दिवाकर ने मझोला के लाइनपार एकता कॉलोनी निवासी भोजराज को मंडी समिति के पूर्वी गेट के पास गन्ने के रस के ठेले पर बुला लिया था। होमगार्ड ने जैसे ही चार हजार रुपये भोजराज सिंह को दिए थे। इसी दौरान टीम ने उसे दबोच लिया था।

इसके बाद टीम आरोपी को मझोला थाने ले गई थी और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मंगलवार की दोपहर आरोपी को एंटी करप्शन ब्यूरो की विशेष कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। जिला कमांडेंट होमगार्ड अखिलेश नारायण सिंह का कहना है कि पीसी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट होमगार्ड मुख्यालय भेज दी गई है।

### गर्मी की छुट्टी खत्म, रोली-टीका लगाकर छात्रों का स्वागत; स्कूलों में लौटने लगी रौनक

मुरादाबाद में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद परिषदीय विद्यालय फिर से खुल गए, जहां शिक्षकों ने रोली-टीका लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया। करीब एक माह बाद खुले स्कूलों में पहले दिन छात्रों की संख्या कम रही, लेकिन धीरे-धीरे रौनक लौटने लगी है।मुरादाबाद में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले परिषदीय विद्यालय। शिक्षकों ने रोली-टीका लगाकर विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। पहले दिन छात्रों की संख्या कम रही, धीरे-धीरे रौनक लौटी।ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार को जिले के परिषदीय विद्यालयों में फिर से रौनक लौट आई। 20 मई से करीब एक माह बाद स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों का शिक्षकों ने रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया। नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क, प्राथमिक विद्यालय कन्या दांग, कंपोजिट विद्यालय दांग और कंपोजिट विद्यालय कन्या तहसीली सहित अन्य विद्यालयों में सुबह 7:30 बजे से विद्यार्थियों का स्वागत शुरू हुआ। एक महीने बाद खुले स्कूल - एक माह बाद विद्यालयों के आंगन में बच्चों की चहल-पहल हालांकि बहुत दिन बाद विद्यालय खुलने के कारण विद्यार्थियों की संख्या कम नज़र आई। वही विद्यालयों में विद्यार्थी धीरे-धीरे आने शुरू हुए। पहले दिन शिक्षकों के लिए भी विद्यार्थियों को बुलाना चुनौती पूर्ण रहा। इसके चलते प्रार्थना के समय में भी तब्दीली देखने को मिली। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

KTUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## मोहर्रम पर बरेली परिक्षेत्र में सुरक्षा का चक्रव्यूह , 1384 जुलूसों पर ड्रोन-CCTV की रहेगी पैनी नजर



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए बरेली परिक्षेत्र में व्यापक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी के निर्देशन में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जनपदों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा ड्रोन, सीसीटीवी और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के जरिए निगरानी रखी जा रही है। पूरे परिक्षेत्र में कुल 1384 जुलूस, 2128 ताजियों की स्थापना, 2003 ताजियों का दफन और 357 कर्बलाओं की व्यवस्था की गई है। इसके लिए 55 जोन और 202 सेक्टर बनाए गए हैं। कानून व्यवस्था के लिए 238 क्यूआरटी टीमों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल, पीएसी और एसडीआरएफ तैनात किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गों और समय के अनुसार ही निकाले जाएंगे। नई परंपरा या मार्ग परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। ताजियों की ऊंचाई 12 फीट से अधिक न रखने तथा सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर अफवाह या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाएगा। जुलूसों में हथियारों या खतरनाक प्रदर्शन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। पुलिस प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि मोहर्रम पर्व सौहार्द, शांति और सुरक्षा के साथ संपन्न कराया जा सके।

## बरेली में यूआईडीएआई का पहला सेवा केंद्र शुरू, यहां होंगे आधार कार्ड से जुड़े सारे काम



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने बरेली में अपने पहले आधार सेवा केंद्र का संचालन सुचारू रूप से शुरू कर दिया है। राजेंद्र नगर में गुलमोहर पार्क के पास खुले इस केंद्र के बाद अब स्थानीय लोगों को आधार से जुड़ी सभी सेवाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बताया जा रहा है कि इस सेवा केंद्र में आधार से संबंधित हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान एक ही छत के नीचे किया जा रहा है। केंद्र पर मिलेंगी ये सेवाएं यहां लोग न केवल अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं, बल्कि पुराने आधार में नाम, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, फोटो, जन्मतिथि, लिंग और बायोमेट्रिक (उंगलियों के निशान व आंख की पुतली) को भी अपडेट करा सकते हैं। इस केंद्र को पूरी तरह डिजिटल और आधुनिक तकनीक से लैस किया गया है। इसका संचालन पासपोर्ट सेवा केंद्र की तर्ज पर हो रहा है, जहां हर काम के लिए अलग-अलग काउंटर और प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात किए गए हैं। तेज गति से हो रहा काम - केंद्र में प्रतिदिन लगभग 1500 आवेदनों की प्रक्रिया करने की क्षमता है, जिससे लोगों का काम बिना किसी देरी के तेज गति से हो रहा है। इसके अलावा, नागरिकों के मार्गदर्शन के लिए विशेष हेल्पडेस्क भी बनाई गई है। आधार केंद्र के बढ़ते दबाव को देखते हुए यह केंद्र सप्ताह के सातों दिन तक खुला रहेगा। लंबी लाइनों और प्रतीक्षा समय से बचने के लिए नागरिक यूआईडी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पहले से ऑनलाइन अपॉइंटमेंट भी बुक कर सकते हैं।

## बलखण्डी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं को मिली शीतल जल की सौगात, विधायक विनोद चतुर्वेदी ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण



क्यूँ न लिखूँ सच / नीरज कुमार/ कालपी। नगर के प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र बलखण्डी देवी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थापित आधुनिक वाटर कूलर का लोकार्पण कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर संत-महात्मा, मंदिर समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि बंखण्डी देवी मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, विशेषकर नवरात्र एवं अन्य धार्मिक पर्वों पर यहां भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में गर्मी के मौसम में शुद्ध एवं शीतल पेयजल की उपलब्धता श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस वाटर कूलर की स्थापना से दूर-दराज से आने वाले हजारों भक्तों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। विधायक ने यह भी कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण एवं सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भविष्य में भी जनहित को ध्यान में रखते हुए ऐसे कार्य किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने इस जनोपयोगी पहल की मुक्तकंठ से सराहना की और विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह वाटर कूलर श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। फोटो परिचय: बलखण्डी देवी मंदिर परिसर में स्थापित वाटर कूलर का लोकार्पण करते कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी एवं अन्य गणमान्य नागरिक।

## ओपी राजभर का बड़ा दावा, सपा में हो सकती है बड़ी टूट; रामगोपाल वर्मा ने अमित शाह को लिखा यह पत्र?

यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर ने बड़ा दावा करते हुए समाजवादी पार्टी में टूट की बात कही है। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर बड़ा हमला बोलते हुए दावा किया है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में जल्द ही एक बहुत बड़ी टूट देखने को मिल सकती है। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए कहा

कि अब अगला नंबर उत्तर प्रदेश का है, क्योंकि जब कोई बिकने के लिए तैयार होता है, तभी उसे खरीदा जाता है।राजभर ने सपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर रामगोपाल यादव पर सीधा निशाना साधते हुए दावा किया कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक गुप्त पत्र भेजा है, जिसमें कुछ नाम देकर उन्हें अपने साथ ले जाने और खुद को सुरक्षित रखने की बात कही गई है। इसके साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दों पर अखिलेश यादव को घेरते हुए कहा कि सीबीआई ने अवैध खनन मामले में उनका नाम दर्ज किया है, और सवाल उठाया कि गोमती रिवरफ्रंट घोटाले में अब तक कोई जेल क्यों नहीं गया। राजभर के इस बयान ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है।

## सीएम करेंगे लोकार्पण, मंजूरी के फेर में अटके नाथ कॉरिडोर के दो प्रोजेक्ट



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर विभिन्न विभागों के अफसर विकास कार्यों की सूची फाइनल करने में जुटे हैं। मुख्यमंत्री करीब 44 अरब की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। जिनमें नाथ कॉरिडोर के तहत नाथ मंदिरों के कायाकल्प से जुड़ी योजनाएं भी काफी महत्वपूर्ण हैं। इनमें से दो परियोजनाएं स्थान बदलने और टेस्टिंग में मिट्टी फेल होने की वजह से शासन से दोबारा मंजूरी के फेर में अटक गई हैं। कांवड़ स्थल का कार्य जगह बदलने की वजह से रोका गया था, जबकि वनखंडीनाथ मंदिर में जमीन उपयुक्त नहीं होने की वजह से काम रुका है। दोनों प्रोजेक्ट शासन से दोबारा मंजूरी के लिए भेजे गए हैं। अगले सप्ताह तक वनखंडीनाथ के कार्य को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। जिसके बाद काम शुरू कराया जाएगा। - रविंद्र कुमार, उपनिदेशक, पर्यटन विभाग।

## एमजेपी विश्वविद्यालय नैड की सूची में शीर्ष 6 संस्थानों में शामिल




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय ने नैड की सूची में डंका बजाया है। भारत सरकार के डिजिलॉकर-नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) पोर्टल की नई सूची में विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष 6 संस्थानों में जगह मिली है। बता दें कि डिजिलॉकर-नैड पर विश्वविद्यालय के 71 लाख से ज्यादा शैक्षणिक अभिलेख प्रकाशित किए जा चुके हैं जिससे विद्यार्थी अपनी डिग्री, अंकपत्र और दूसरे दस्तावेज डिजिटली सुरक्षित एवं सत्यापित रूप से हासिल कर रहे हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने समर्थ पोर्टल के साथ सफल एकीकरण कर प्रवेश, परीक्षा, छात्र प्रबंधन एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूरी तरह ऑनलाइन व पारदर्शी बना दिया है। इस डिजिटल परिवर्तन की वजह से विद्यार्थियों को डिजिटल डिग्री की फौरी उपलब्धता, दस्तावेजों का सुरक्षित संग्रहण, पारदर्शी प्रवेश एवं परीक्षा प्रक्रिया, कागजरहित प्रशासन व आसान दस्तावेज सत्यापन जैसे प्रमुख लाभ मिलेंगे। दूसरे संस्थानों के लिए प्रेरणा- केपी सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह ने कहा कि यह विवि के तेजी से हुए डिजिटलीकरण और विद्यार्थी-केंद्रित सेवाओं के प्रति विवि प्रशासन प्रतिबद्धता का प्रमाण है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं समन्वयकप्रो. विनय ऋषिवाल ने कहा कि समर्थ और डिजिलॉकर के सफल एकीकरण एक क्रांतिकारी कदम है। सभी छात्रों को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा लेना चाहिए।

## सुभाष नगर पुलिस ने एक और मोबाइल छिनैती आरोपी को अवैध तमंचा और कारतूस सहित किया गिरफ्तार




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना सुभाषनगर पुलिस ने मोबाइल छिनैती मामले में वांछित आरोपी अमन उर्फ शगुन भारद्वाज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और 12 बोर का एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार 12 जून 2026 को बीडीए गेट के पास मोबाइल पर बात कर रहे युवक से बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे। इस मामले में थाना सुभाषनगर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। 17 जून को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को बदायूं-बरेली मार्ग से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## 24 घंटे के भीतर हत्याकांड का खुलासा, चार मुख्य आरोपी गिरफ्तार




क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। थाना भौंती पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक प्रभान सिंह लोधी की हत्या के चार मुख्य आरोपियों को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। जानकारी के अनुसार 16 जून को ग्राम भयावन मजरा पीपरवाला निवासी मीना लोधी ने थाना भौंती में रिपोर्ट दर्ज कराई थी

कि कुछ आरोपी उसके पति प्रभान सिंह लोधी को घर से खींचकर बाहर ले गए और लाठी, डंडों तथा पत्थरों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया,

जिससे उनकी मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना भौंती प्रभारी उप निरीक्षक कुसुम गोयल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी बलवीर पाल, परमेश्वरदास पाल, मिजाजी पाल एवं बलवीर पाल निवासी ग्राम भयावन मजरा भोड़न थाना भौंती को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। हत्याकांड का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी से पुलिस ने अपराधियों को कड़ा संदेश दिया है कि गंभीर अपराध करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम गूडर में सिलेंडर में आग लगने से मासूम की मौत, चार गंभीर घायल, विधायक, कलेक्टर और एसपी ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी/ खनियाधाना। खनियाधाना विकासखंड के ग्राम गूडर में मंगलवार



सुबह गैस सिलेंडर में आग लगने की दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे में एक 4 वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस तत्काल सक्रिय हो गए। पिछोर विधायक, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज शिवपुरी भेजा गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। जिला प्रशासन द्वारा घायलों के उपचार की सतत निगरानी की जा रही है तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस हृदयविदारक घटना से ग्राम गूडर सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मासूम बालिका के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

### 35 दिनों का ब्लॉक चौपुला ओवरब्रिज मरम्मत के बाद यातायात के लिए हुआ शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मरम्मत के चलते



बंद चौपुला ओवरब्रिज को बुधवार सुबह नौ बजे आवागमन के लिए खोल दिया गया। ओवरब्रिज को 35 दिनों के लिए बंद रखना था। काम पहले ही पूरा होने के चलते 10 दिन पहले ही आवागमन शुरू कराने का निर्णय लिया गया है। डेढ़ दशक पहले बना यह पुल जर्जर हो गया था। 800 मीटर लंबे पुल की मरम्मत के लिए एनएचएआई के बदायूं डिवीजन को शासन से 1.30 करोड़ रुपये मिले थे। इससे 30 एक्सपेंशन ज्वॉइंट की मरम्मत कराई गई। 12 मई से चौपुला ओवरब्रिज को बंद करके 13 मई से काम शुरू करा दिया गया। अब यहां काम पूरा कर लिया गया है। आवागमन शुरू होने से राहगीरों को राहत मिलेगी। मरम्मत के बाद चौपुला ओवरब्रिज पर कई जगहों पर पैचिंग दिखाई दी। देखने से लग रहा है जैसे कि यह ज्वाइंट मरम्मत के दौरान टूट गया हो। बता दें कि ज्वाइंट मरम्मत से पहले ही ओवरब्रिज के सड़क की मरम्मत कराई गई थी। इसको लेकर तमाम तरह के सवाल उठ रहे हैं। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खां ने बताया कि चौपुला ओवरब्रिज की मरम्मत के बाद यहां से वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया गया है। ओवरब्रिज चालू होने के बाद पुराना रूट फिर से खुल गया है। अब वाहनों को घूमकर नहीं जाना पड़ेगा।

### भमौरा पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । थाना भमोरा पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध



तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतेन्द्र दीक्षित (24 वर्ष ), निवासी ग्राम पखुर्नी, थाना भमोरा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे 16 जून की रात मकरन्दपुर फाटक से पखुर्नी जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना भमोरा में मु0अ0सं0 274/26, धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने तमंचा किसी अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था और अपनी सुरक्षा के लिए रखता था। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार, उप निरीक्षक मनोज कुमार तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# "Cocktail 2" receives an "A" certificate. Find out why this film is special for Shahid, Rashmika, and Kriti.

Shahid Kapoor, Rashmika Mandanna, and Kriti Sanon's film "Cocktail 2" has received the green light from the CBFC. Find out why this film is special for the three actors. "Cocktail 2," starring Shahid Kapoor, Rashmika Mandanna, and Kriti Sanon, is scheduled to release on June 19th. Ever since the film was announced, it has generated considerable buzz among audiences. The film's title, songs, new faces, and youthful vibe have excited people. The film has received the green light from the Central Board of Film Certification (CBFC). "Cocktail 2" has been given an "A" certificate by the CBFC, meaning it is only suitable for adults. The film is also quite long, with a total runtime of 150 minutes, or 2 hours and 30 minutes. Advance bookings for the film opened at midnight on June 14th. Significant for all three actors: "Cocktail 2" is a special film for all three lead actors in different ways. For Kriti, this marks the first time in her 12-year career that she has been part of an adult-rated film. Rashmika has previously acted in such a film. She appeared in "Animal" (2023), which also received an "A" certificate. Adult-rated films are no stranger to Shahid. This will be his fifth such film, after "Kaminey" (2009), "Udta Punjab" (2016), "Kabir Singh" (2019), and "O' Romeo" (2026). Differences between "Cocktail" and "Cocktail 2": The first part of the "Cocktail" franchise was released in 2012. It starred Saif Ali Khan, Deepika Padukone, and Diana Penty. Diana made her acting debut with this film. Like 'Cocktail 2', the original film was also directed by Homi Adajania. There is one key difference between the two films. Unlike the sequel, the first part received a U/A certificate from the CBFC, meaning it was meant for all audiences. What is the story of the film? 'Cocktail 2' is based on a love triangle, where Shahid Kapoor has to choose between two girls. The film is going to be released in theatres on June 19.





# "Our daughter has arrived," Surbhi Jyoti becomes a mother at 38; shares the happy news with fans

Television actress Surbhi Jyoti has become a mother. She has given birth to a lovely daughter. Surbhi shared this happy news with her fans on social media, delighting them. Television actress Surbhi Jyoti has become a mother at the age of 38. Surbhi gave birth to a lovely daughter on June 13th, and she shared the good news on social media today. Surbhi gave birth to a daughter - Surbhi Jyoti shared the good news of her daughter's birth with her fans in a special post on Instagram today. The post reads, "It's a girl," and the date is June 13, 2026. The post features a picture of a bud with a light pink flower. Also wrote "Love Surbhi and Sumit." Celebs congratulated - Surbhi Jyoti captioned this special post on Instagram, "Our daughter has arrived." Surbhi further wrote, "Our hearts are filled with love and gratitude.

" Many celebrities congratulated Surbhi on becoming a mother. Aashka Goradia wrote, "Congratulations," Kishwar Merchant wrote, "Wow, congratulations," Shaleen Malhotra wrote, "God bless you," Simar Kaur wrote, "OMG," along with several red heart emojis.

Surbhi and Sumit's marriage - Surbhi married actor Sumit Suri on October 27, 2024. After two years of marriage, the couple is now parents to a daughter. Surbhi is known for playing the role of "Zoya Farooqui" in the superhit show "Qubool Hai" and "Bella" in the serial "Naagin 3."

# "What you did, you will suffer for it": Sapna Choudhary's post amid her dispute with husband Veer Sahu; wrote, "I don't believe in revenge"

Haryanvi dancer Sapna Choudhary shared a post on social media. In it, she discusses the importance of retribution and revenge. Haryanvi singer and dancer Sapna Choudhary is currently in the news for her personal life. Her married life is going through ups and downs. Recently, Sapna accused her husband Veer Sahu of domestic violence. Sapna Choudhary filed a petition under the Domestic Violence Act in Delhi's Dwarka Women's Court. She alleges that she was repeatedly assaulted and abused during their marriage. The next hearing in the case is in July. Meanwhile, Sapna is garnering attention for her social media posts. A stunning look in a black and white saree - Sapna Choudhary shared beautiful photos of herself on Instagram on Sunday. She is seen posing in a black and white saree. "You will suffer for your actions somewhere," the caption of Sapna's post attracted particular attention. She wrote, "It's trendy these days to make your character look good by finding faults in others, but I don't believe in revenge. I believe that if you do something wrong, you will suffer for it somewhere." Fans are praising Sapna's caption and photos. People are offering her support, writing, "Strong woman." One user wrote, "You are and will always be our favorite." When will the next hearing be? After the preliminary hearing on Sapna Chaudhary's complaint, Judicial Magistrate Nidhi Singh granted interim relief, ordering that Veer Sahu will not contact Sapna Chaudhary through any medium, or visit her home or workplace, until the next hearing. The next hearing in the case has been scheduled for July 25th.

